


MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉंग इन करें https://dainikyashonnati.com

एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक195 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शनिवार 18 मई 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4



पृष्ठ-2 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार

पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार

पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## मध्यप्रदेश की प्रथम महिला सेंसई राधिका कश्यप, एशियन कराते फेडरेशन की जज जज बनी

सिवनी यशोः- जिला कराते संघ सिवनी की कराते प्रशिक्षिका सेंसई राधिका कश्यप ने कराते विधा में उज्बेगिस्तान में 01 मई से 6 मई 2024 सेन्ट्रल एशियन कराते फेडरेशन चैंपियनशिप के दौरान राधिका कश्यप ने एशियन कराते जज की परीक्षा उत्तीर्ण की । म.प्र. की प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय महिला कराते जज बनी।

भारतीय कराते संघ के गुरु एवं साउथ एशियन कराते फेडरेशन के अध्यक्ष तथा कराते इंडिया आर्गनाइजेशन के अन्तरिम अध्यक्ष हंशी भरत शर्मा एवं मण्प्रण् कराते संघ के महा सचिव महेश कुशवाह के मार्गदर्शन में उज्बेगिस्तान में सेन्साई राधिका कश्यप ने अन्तर्राष्ट्रीय कराते जज कि उपाधि प्राप्त की।

सेन्साई ओमकार कश्यप ने बताया कि एशियन कराते फेडरेशन की जज की उपाधि सेन्साई राधिका कश्यप ने प्राप्त की, सिवनी जिले के लिये बडें गौरव की बात है।



श्री डॉण् सुनील अग्रवाल संचालक जिंदल हॉस्पिटलए श्रीमति मकसूदा मिर्जा पूर्व संभागीय खेल एवं युवा कल्याण अधिकारीए श्रीमति वंदना नैय्यर तिवारी प्राचायी मार्डन हायर सेकेण्ड्री स्कूल श्री तरूण् श्रीवास एडवोकेट एवं हरिमुकुंद बाबा जी, अंकित मालू, नरेश् सिंह राजपूत गुरूकुल पब्लिक स्कूल बरघाट डारे टर श्री डॉ. सिद्दू एवं जिला कराते संघ के समस्त पदाधिरिधों एवं कराते खिलाडियों ने सेंसई राधिका कश्यप को हार्दिक बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की ।

## भाजपा का हेलीकाप्टर शाँट बना खटाखट.....खटाखट

### तेजी से हो रहा है वायरल, सोशल मीडिया युर्जस ले रहे मजे

सिवनी यशोः- भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में चाँथे चरण के बाद अपने चुनाव कैंपन में खटाखट... खटाखट जैसे शब्द को शमिल कर चुनाव को रोचक बना रही है । हालांकि यह शब्द कांग्रेस के नेता राहुल गांधी बार बार इस्तेमाल कर रहे है । वह इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर बेरोजगार युवाओं को पहले एक साल में तीस लाख नौकरी और गरीब महिलाओं को हर साल एक लाख रुपये देने की बात करते वक्त इस शब्द का इस्तेमाल करते हैं और कहते है कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर बेरोजगार युवाओं एवं महिलाओं को बैंक के माध्यम से खटाखट....खटाखट रूपये मिलना शुरू हो जायेंगे । यह वीडिओ जमकर वायरल हुआ ।





इस पर पलटवार करते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रतापगढ़ की सभा में कहा कि कोई इनके दिमाग को भी बता दो कि अब रायबरेली जनता भी इन्हें खटाखट....खटाखट घर भेजेंगी । अमेठी से गये अब रायबरेली भी से जायेंगे । प्रधानमंत्री ने कहा कि 4 जून को मोदी सरकार बनेगी और इंडी एलायन्स खटाखट..खटाखट बिखर जाएगा....शहजादों की जोड़ी खटाखट छुट्टियां मनाने निकल जाएगी...`योंकि जनता खटाखट खटाखट बटन दबाकर विरोधियों को खटाखट बाहर कर रही है । इसी अंदाज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार अपनी सभाओं में राहुल गांधी के खटाखट.... खटाखट वाली बात का जबाव दे रहे । प्रधामंत्री नरेन्द्र मोदी के खटाखट.... खटाखट वाले भाषणों के ि लप्स सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहे है और भाजपा के चुनाव कैंपेन का यह रोचक हिस्सा बन गया है ।

यहाँ बता दें कि भाजपा अपने चुनावी कैंपेन को इसी प्रकार के हेलीकाप्टर शाँट से रोचक बनाती है और आमजनता तक अपनी पहुँच बनाने में यह शब्द बहुत प्रभावी भी साबित हुये है । यहाँ हम भाजपा के चुनाव कैंपेन से जुड़े कुछ हेलीकाप्टर शाट के बारे बताते है ।

**पहले भी कैंपेन के शब्द रहे**

चाय वाला, 56 इंच का सीना, हाँ मै हूँ चौकीदार, मैं हूँ मोदी परिवार, अबकी बार, मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार, इसी प्रकार के छोटे वो य भाजपा के चुनाव कैंपेन के प्रभावी साधन बने है । यह हेलीकाप्टर शाट आते कहाँ से यह भी दैनिक यशोन्नति विस्तार से अगली पोस्ट में बतायेगा ।

## *चलित खाद्य प्रयोगशाला से विविध खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच की गई*

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार जिले में मिलावटी एवं अमानक खाद्य पदार्थ विक्रय करने वाले खाद्य कारोबारकर्ताओं एवं प्रतिष्ठानों पर खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग के दल द्वारा सतत कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा दिनांक 13 मई से 17 मई 2024 तक चलित खाद्य प्रयोगशाला द्वारा जिला मु यालय स्थित महावीर आइसक्रीम, जैन आइसक्रीम, होटल शिवानी, इंडियन कॉफी हाउस तथा केवलारी स्थित आइसक्रीम फै ट्री से आईसक्रीम एवं लस्सी, माता श्री अनाज भंडार से खाद्य पदार्थ काबुली चना एवं लूज बेसन सहित विविध खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर त्वरित जांच की गई।

## वृध्दजन स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 20 मई को

सिवनी यशोः- सिविल सर्जन सह-मु य अस्पताल अधीक्षक द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय वृध्दजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम अंतर्गत सोमवार 20 मई को प्रातः 9 बजे से शाम 4 बजे तक जिला चिकित्सालय सिवनी में 60 वर्ष व उससे अधिक उम्र के वृध्दजनों का निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य शिविर में विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा बीपी, शुगर, मोतियाबिन्द के लिए आँखो का परीक्षण, हड्?डीरोग, मानसिक स्वास्थ्य की जाँच, बधिरता, नाक, कान, गला, खून की जाँच समेत अन्य स्वास्थ्य संबंधि जांच कर स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने संबंधी आवश्यक सलाह देते हुए उपचार किया जाएगा। साथ ही शिविर में वृध्दजनों का आयुष्मान एवं हेल्थ आईडी कार्ड बनाकर आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। सिविल सर्जन सह-मु य अस्पताल अधीक्षक एवं चिकित्सालय के अन्य चिकित्सकों द्वारा वृध्दजनों से स्वास्थ्य शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य की जाँच कराने तथा लाभ लेने की अपील की गई है।

## सिवनी प्लेसमेंट ड्राईव 21 मई को

सिवनी यशोः- प्राचार्य शासकीय आईटीआई सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सिवनी में सोमवार 21 मई 2024 को प्रातः 10.30 बजे से एक दिवसीय आई.टी.आई. कैंपस प्लेसमेंट ड्राईव का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट ड्राईव में महिन्द्रा एंड महिन्द्रा लिमिटेड, इगातपुरी, नासिक, महाराष्ट्र द्वारा लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम विभिन्न पदों पर भर्ती कार्यवाही की जाएगी।

## कमजोरी, चक्कर आना, घबराहट या तीव्र प्यास के साथ सिरदर्द हो तो चिकित्सक का परामर्श लें

**गर्मी के मौसम में लू - तापघात से अपना करें बचाव**

सिवनी यशोः- गर्मी के मौसम में अधिक तापमान के कारण लू (हीट वेव) लगने जैसी बीमारियों की सं या में वृद्धि परिलक्षित हो रही है। जिसका स्वास्थ्य पर दुष्परिणाम हो सकता है। जन सामान्य को गर्मी से होने वाली बीमारियों के दुष्प्रभावों से बचने के लिये आवश्यक सावधानियां रखनी आवश्यक है। जैसे -शरीर को पानी की कमी से बचायें, पर्याप्त मात्रा में पानी/ ओ.आर.एस. पियें। घर में बने पेय जैसे- नींबू-पानी, छाछ-मठा-लस्सी, फलों का रस आदि नमक डालकर सेवन करें, घर से बाहर निकलते समय एवं यात्रा के लिये पानी साथ रखें, ऐसे फल व सब्जियों का सेवन करें जिनमें पर्याप्त मात्रा में पानी होता है जैसे- तरबूज, खरबूज, संतरा, अंगूर, ककड़ी आदि।




शरीर को ढांक कर रखें। धूप से बचने के लिए सिर ढांक कर रखें छाता टोपी, हैट, गमछा, टॉवेल या अन्य प्रकार से सिर को कवर करें। कोई भी व्यक्ति किसी भी समय लू/तापघात से ग्रसित हो सकता है, किंतु अतिसंवेदन शील लोगो जैसे वृद्ध, शिशु एवं छोटे बच्चें, गर्भवती महिलाएं, 65 वर्ष या अधिक आयु वाले व्यक्ति, बाहर काम करने वाला वर्ग, मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति। अन्य शारीरिक बीमारियां जैसे- हृदय रोग या बी.पी. से ग्रस्त व्यक्तियों को लू/तापघात ज्यादा प्रभावित करता है।

स्वास्थ्य खराब महसूस होने पर- यदि कमजोरी, चक्कर आना, घबराहट या तीव्र प्यास के साथ सिरदर्द हो तो चिकित्सा सहायता प्राप्त करें तथा तत्काल ठंडी जगह पर जायें एवं शरीर का तापमान मापें। पानी या अन्य पेय पिये तथा शरीर का पुनर्जलीकरण करें। मांसपेशियों में दर्द या ऐंठन (विशेषतः पैर हाथ या पेट की मांसपेशियों में ऐठन) होने पर अथवा गर्मी में अधिक समय तक कसरत करने के बाद होने पर तत्काल ठंडे स्थान पर आराम करे। ओ.आर.एस. का सेवन करें। आवश्यकतानुसार चिकित्सा सहायता प्राप्त करें।

लू लगने पर नि न लक्षण दिखाई देते है - जैसे गर्म लाल और सूखी त्वचा, मतली या उल्टी, बहुत तेज सिर दर्द, मांसपेशियों में कमजोरी या ऐठन, सांस फूलना या दिल की धड़कन तेज होना, घबराहट होना, चक्कर आना, बेहोशी और हल्का सिरदर्द होता है।

लू तापघात से प्रभावित व्यक्ति का प्राथमिक उपचार हमें नि न तरीके से करना चाहिये जैसे रोगी को तुरंत छायादार जगह पर कपड़े ढीले कर लिटाकर हवा करें। रोगी के बेहोश होने की स्थिति में कोई भी भोज्य/ पेय पदार्थ ना दे एवं तत्काल चिकित्सा सहायता प्राप्त करें। रोगी के होश में आने की दशा में उसे ठण्डे पेय पदार्थ जीवन रक्षक घोल, कच्चा आम का शर्वत (पना) आदि दें। रोगी के शरीर का ताप कम करने के लिये यदि संभव हो तो उसे ठण्डे पानी की पट्टियां रखकर पूरे शरीर को ढंक दें। इस प्रक्रिया को तब तक दोहरायें जब तक की शरीर का ताप कम नहीं हो जाता। इसके बाद भी लू से पीडित व्यक्ति की हालत में सुधार न हो तो उसे तुरन्त नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में लें जाये। सभी स्वास्थ्य संस्थाओं पर हीट वेव लू तापघात प्रबंधन हेतु ओ.आर.एस. कॉर्नर, आवश्यक दवाइयों तथा बेड आरक्षित किये गये हैं।

## *उसने सीएम के पास जाने कहा तो, और यह चले गये तो, हो गये निलंबित*

भोपाल यशोः- मध्यप्रदेश के उज्जैन में एक लाइनमैन ने एक उपभोक्ता को कहा कि तुम मु यमंत्री के पास चले जाओ तो वह निलंबित हो गया । वहीं अब राजधानी भोपाल के कुछ शिक्षक मु यमंत्री डॉं. मोहन यादव के पास अपनी समस्याओं के निराकरण के लिये गये तो जिला शिक्षा अधिकारी ने उन्हें निलंबित कर दिया ।



जानकारी के अनुसार शासकीय महात्मा गांधी सीएम राइज स्कूल भोपाल के सात शिक्षको ने पदस्थापना से लेकर अन्य मामलों में शिकायत दर्ज कराई थी। यहां सुनवाई नहीं हुई तो इन्होंने मामले में लोक शिक्षण संचालनालय को आवेदन किया। इसके साथ ही स्कूल शिक्षा मंत्री से भी मांगों के निराकरण के लिए गुहार लगाई परंतु जब उनकी कहीं सुनवाई नहीं हुई तो मामले में मु यमंत्री आवास जाकर अपनी समस्याओं के बारे में बताया।

समस्याओं को लेकर मु यमंत्री के पास पहुँचे सभी 07 शिक्षकों के इस आचारण को जिला शिक्षा अधिकारी कर्मचारियों की सेवा शर्तो का उल्लंघन मानते हुये उन्हें निलंबित कर दिया ।

जिला शिक्षा अधिकार अंजनी कुमार त्रिपाठी ने शिक्षकों के इस आचारण को अनुशासनहीनता करार दिया और स्कूल की सहायक शिक्षक मंजू, परिणीता मालवीय, इंदिरा रानी दुबे, नीलम सिंह, रजनी सैनी, केजी मिश्रा समेत सात को निलंबित कर दिया। निलंबन अवधि में इनका मु यालय शासकीय स्कूल नजीराबाद बैरसिया नियत किया गया है।

## आंखों में पट्टी बांधकर भी देख सकते हैं आपके बच्चे - मनीष अग्रवाल



सिवनी यशोः- आर्ट ऑफ़ लिविंग का एक ऐसा कोर्स जो आपके बच्चों में आत्मविश्वास एकाग्रचितता सोचने समझने की शक्ति पैदा करता है जिससे आपके बच्चे आंखों में पट्टी बंधी होने के बावजूद रंगों को पहचानते हैं और पेंटिंग बना सकते हैं एवं बहुत सी चीजों का नॉलेज उन्हें हो जाता है जो आपको प्रत्यक्ष रूप से दिखता है यह कोर्स दिनांक 20 और 21 को रजवाड़ा में किया जा रहा है जिसमें अंतर्राष्ट्रीय टीचर नंदा दीदी आर्ट ऑफ़ लिविंग आश्रम बेंगलुरु से पधार रही है जिनके दिशा निर्देशन में बच्चे सुबह 8:30 से 12 तक 2 दिन में इस कला को सीखेंगे.

श्री मनीष अग्रवाल ने बताया कि 8 से 18 वर्ष तक के बच्चों के लिए आर्ट ऑफ लिविंग का ऐसा कोर्स जिसके फायदे इस प्रकार हैं- छठी इंद्रिय विकसित करें, फोटोग्राफिक मेमोरी विकसित करें, सही समय पर सही विचार, अज्ञात भय पर विजय, आत्मविश्वास में वृद्धि, विकसित सृजनशीलता, उत्कृष्ट एकाग्रता और बहुत कुछ अनुभव करने के लिए तैयार हो जाए. अधिक जानकारी हेतु एवं इसमें भाग लेने हेतु रजिस्ट्रेशन मनीष अग्रवाल के मोबाइल नंबर 9425174704 पर करवा सकते हैं।

## कार्य के दौरान सड़क नाली की हुई टूट फूट की मर मत करेंकार्य एजेंसी - कले टर

### कले टर ने विकासखंड केवलारी में जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा की, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



सिवनी यशोः- कले टर क्षिजित सिंघल ने बुधवार 17 मई को विकासखंड केवलारी में उद्यान विभाग के सभाकक्ष में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी विभाग एवं जल जीवन मिशन कार्यों से जुड़े अनुबंधकर्ताओं की संयुक्त बैठक लेकर जल जीवन मिशन योजना के क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महेश अग्रवाल, कार्यपालन यंत्री पीएचई अरूण श्रीवास्तव सहित सब इंजीनियर एवं सभी ग्राम पंचायतों के सचिव सरपंच की उपस्थिति रही।

**जहाँ जल की समस्या है वहाँ नए बोर करने के निर्देश**

बैठक में कले टर श्री सिंघल ने सर्वप्रथम जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत कार्य पूर्ण हैण्ड ओवर हुई ग्रामपचायतों संबंधित सचिव से कार्यो की गुणवत्ता, पानी उपलब्धता, कार्यो के दौरान हुई सड़क-नाली की टूट-फूट की स्थिति एवं इनमें किए गए सुधार कार्यो की जानकारी संबंधित एजेंसी एवं अधिकारीयों की उपस्थिति में प्राप्त की। चर्चा के दौरान सड़क-नाली की टूट-फूट का मर मत कार्य पूर्ण न करवाने की जानकारी पर संबंधित एजेंसी पर नाराजगी व्यक्त कर त्वरित सुधार कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामपंचायत वार सचिव एवं संबंधित अधिकारी से जल समस्या ग्रस्त ग्रामों एवं फेल हुए बोर, खराब हैंडपंप तथा बिजली कम वोल्टेज की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने पीएचई विभाग एवं संबंधित अधिकारियों को उक्त ग्रामों में जल उपलब्धता वाले स्थान का चिन्हांकन कर त्वरित नए बोर खनन एवं हैंडपंप के सुधार-मर मत कार्य करने के निर्देश को दिए।

**आंगनबाड़ी एवं स्कूलों में भी नल कने शन से शुद्धजल प्रदान करें**

कले टर श्री सिंघल ने पीएचई एवं पंचायत विभाग के संबंधित अधिकारियों तथा निर्माण कार्य करने वाली एजेंसियों को जल जीवन मिशन कार्यो को पूर्ण गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना अंतर्गत सभी आंगनबाड़ी केंद्रों, स्कूलों एवं प्रत्येक परिवार को जोड़ते हुए नल कने शन माध्यम से शुध्द पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। कले टर श्री सिंघल ने तय समय सीमा समाप्ति के उपरांत की कार्य पूर्ण न कर पाने वाले एवं धीमी गति से कार्य करने वाली स बन्धित निर्माण एजेंसियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## कले टर ने जल संवर्धन कार्यों की समीक्षा कर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

### जल संवर्धन अंतर्गत सभी निर्माण कार्यो 31 मई तक पूर्ण करें- कले टर

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल ने 17 मई को केवलारी विकासखण्ड में उद्यानिक विभाग सभा कक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी, पटवारी, सचिव एवं जीआरएस की बैठक लेकर विकासखण्ड अंतर्गत संचालित जल संवर्धन कार्यो की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व केवलारी श्री महेश अग्रवाल, तहसीलदार केवलारी, सीईओ जनपद केवलारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

कले टर श्री सिंघल ने से टरवार संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों से जल संवर्धन कार्यक्रम अंतर्गत निर्मल नीर, पर्कॉयलेशन टैंक, खेत तालाब एवं सामुदायिक तालाब के पूर्ण हुए एवं प्रगतिरत कार्यो की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने जल संवर्धन अंतर्गत पुराने एवं अधूरे सभी निर्माण कार्यो को मानक गुणवत्ता के साथ 31 मई तक पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने जल संवर्धन कार्यो में अपेक्षानुरूप प्रगति न करने वाले एवं लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

कले टर श्री सिंघल ने उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों से जल संवर्धन कार्यक्रम अंतर्गत नए सामुदायिक तालाब निर्माण के लिए अधिक कैचमेंट क्षमता वाले क्षेत्र भूमि का चिन्हांकन करने तथा खेत तालाब निर्माण के लिए कृषकों को प्रोत्साहित कर खेत तालाब का लाभ बताते हुए तालाब निर्माण कार्य करवाने के निर्देश दिए। कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने बैठक में उपस्थित पीएचई विभाग एवं पंचायत से जुड़े अधिकारी कर्मचारियों को क्षेत्रांतर्गत खुले बोरवेल, नलकूप एवं बिना मुंडेर के कुओं का चिन्हांकन कर, उन्हें ढकने या कवर करने के निर्देश दिए।

## जबरन नॉलेज



# पंच परिवर्तन बनेगा समाज परिवर्तन का सशक्त माध्यम.

## संघचालक श्री मोहन भागवत ने समाज में पंच परिवर्तन का आह्वान किया है ताकि अनुशासन एवं देशभक्ति से ओतप्रोत युवा वर्ग अनुशासित होकर अपने देश को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करे।

**पंचा परिवर्तन**

**प्रहलाद सबनानी.**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज में सकारात्मक परिवर्तन के लिए पिछले लगभग 99 वर्षों से निरंतर कार्य कर रहा है। भारतीय समाज में सकारात्मक परिवर्तन को गति देने एवं समाज में अनुशासन व देशभक्ति के भाव को बढ़ाने के उद्देश्य से माननीय सर संघचालक श्री मोहन भागवत ने समाज में पंच परिवर्तन का आह्वान किया है ताकि अनुशासन एवं देशभक्ति से ओतप्रोत युवा वर्ग अनुशासित होकर अपने देश को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य करे। इस पंच परिवर्तन में पांच आयाम शामिल किए गए हैं - (1) स्व का बोध अर्थात स्वदेशी, (2) नागरिक कर्तव्य, (3) पर्यावरण, (4) सामाजिक समरसता एवं (5) कुटु ब प्रबोधन। इस पंच परिवर्तन कार्यक्रम को सुचारू रूप से लागू कर समाज में बड़ा परिवर्तन लाया जा सकता है। स्व के बोध से नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होंगे। नागरिक कर्तव्य बोध अर्थात कानून की पालना से राष्ट्र समृद्ध व उन्नत होगा। सामाजिक समरसता व सद्भाव से ऊंच-नीच जाति भेद समाप्त होंगे। पर्यावरण से सृष्टि का संरक्षण होगा तथा कुटु ब प्रबोधन से परिवार बचेंगे और बच्चों में संस्कार बढ़ेंगे। समाज में बढ़ते एकल परिवार के चलन को रोक कर भारत की प्राचीन परिवार परंपरा को बढ़ावा देने की आज महती आवश्यकता है।

भारत में हाल ही के समय में देश की संस्कृति की रक्षा करना, एक सबसे महत्वपूर्ण विषय के रूप में उभरा है। स भावना से युक्त व्यक्ति हार में भी जीत देखता है तथा सदा संघर्षरत रहता है। अतः पंच परिवर्तन उभरते भारत की चुनौतियों का समाधान करने में समर्थ है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह श्री दत्तात्रेय होसबोले जी कहते हैं कि बौद्धिक आ यान को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य से बदलना और सामाजिक परिवर्तन के लिए सज्जन शक्ति को संगठित करना संघ के मु य कार्यों में शामिल है। इस प्रकार पंच परिवर्तन आज समग्र समाज की आवश्यकता है। पंच परिवर्तन में समाज में समरसता (बंधुत्व के साथ समानता), पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली, पारिवारिक मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए पारिवारिक जागृति, जीवन के सभी पहलुओं में भारतीय मूल्यों पर




आधारित %स्व% (स्वत्व) की भावना पैदा करने का आग्रह जैसे आयाम शामिल हैं। नागरिक कर्तव्यों के पालन हेतु सामाजिक जागृति; ये सभी मुद्दे बड़े पैमाने पर समाज से संबंधित हैं। दूसरे, इन विषयों को व्यक्तियों, परिवारों और संघ की शाखाओं के आसपास के क्षेत्रों को संबोधित करने की आज सबसे अधिक आवश्यकता है। इसे व्यापक समाज तक ले जाने की आवश्यकता है। यह केवल चिंतन और अकादमिक बहस का विषय नहीं है, बल्कि कार्रवाई और व्यवहार का विषय है।

व्यवहार में पंच परिवर्तन को समाज में किस प्रकार लागू करना है इस हेतु हम समस्त भारतीय नागरिकों को मिलकर प्रयास करने होंगे, ` योंकि पंच परिवर्तन केवल चिंतन, मनन अथवा बहस का विषय नहीं है बल्कि इस हमें अपने व्यवहार में उतरने की आवश्यकता है। उक्त पांचों आचरणात्मक बातों का समाज में होना सभी चाहते हैं, अतः छोटी-छोटी बातों से प्रारंभ कर उनके अ यास के द्वारा इस आचरण को अपने स्वभाव में लाने का सतत प्रयास अवश्य करना होगा। जैसे, समाज के आचरण में, उच्चारण में संपूर्ण समाज और देश के प्रति अपनत्व की भावना प्रकट हो, प्रत्येक घर में सप्ताह में कम से कम एक बार पूजा या धार्मिक आयोजन हो एवं अपने परिवार के बच्चों के साथ बैठकर महापुरुषों के स बंध में सप्ताह में कम से कम एक घंटे चर्चा हो, परिवार के सभी सदस्यों में नित्य मंगल संवाद, संस्कारित व्यवहार व संवेदनशीलता बनी रहे, बढ़ती रहे व उनके द्वारा समाज की सेवा होती रहे, आदि बातों का ध्यान रखकर कुटुंब प्रबोधन जैसे विषय को आगे बढ़ाया जा सकता है।

मंदिर, पानी, श्मशान के स बंध में कहीं भेदभाव बाकी है, तो वह शीघ्र ही समाप्त होना चाहिए। हम लोग अपने परिवार सहित त्यौहारों के समय अनुसूचित जाति के बंधुओं के घर जाएं और उनके साथ चाय पान करें। साथ ही, हम अनुसूचित जाति के बंधुओं को सपरिवार अपने परिवार में बुलाकर स मान प्रदान करें। कुल मिलाकर समस्त समाज एक दूसरे के त्यौहारों में शामिल हों ताकि आपस में भाई चारा बढ़े एवं देश में सामाजिक समरसता स्थापित हो सके।

सृष्टि के साथ संबंधों का आचरण अपने घर से पानी बचाकर, प्लास्टिक हटाकर व घर आंगन में तथा आसपास हरियाली बढ़ाकर हो सकता है। अपने घरों में जल का कोई अपव्यय नहीं हो रहा है एवं अपने परिवार में हरियाली की चिंता की जा रही है। अपने घर में, रिश्तेदारी में, मित्रों के यहां सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने का आग्रह किया जा रहा है आदि बातों पर ध्यान देकर देश में पर्यावरण को सुधारा जा सकता है।

स्वदेशी के आचरण से स्व-निर्भरता व स्वावलंबन बढ़ता है। फिजूलखर्ची बंद होनी चाहिए, देश का रोजगार बढ़े व देश का पैसा देश में ही काम आए, इस बात का ध्यान देश के समस्त नागरिकों को रखना चाहिए। इसीलिए कहा जा रहा है कि स्वदेशी का आचरण भी घर से ही प्रारंभ होना चाहिए। समस्त नागरिकों के घर में स्वदेशी उत्पाद ही उपयोग होने चाहिए। देश में कानून व्यवस्था व नागरिकता के नियमों का भरपूर पालन होना चाहिए तथा समाज में परस्पर सद्भाव और सहयोग की प्रवृत्ति सर्वत्र व्याप्त होनी चाहिए। इन्हें हमारे नागरिक कर्तव्यों के रूप में देखा जाना चाहिए। समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन हेतु हम सबको मिलकर प्रयास करने होंगे। विशेष रूप से युवाओं में नशाबंदी समाप्त करने के लिए, मृत्यु भोज रोकने के लिए तथा विभिन्न समाजों में व्याप्त दहेज की कुप्रथा समाप्त करने के ग भीर प्रयास हम समस्त नागरिकों को मिलकर ही करने होंगे।

संघ के स्वयंसेवक आनेवाले दिनों में समाज के अभावग्रस्त बंधुओं की सेवा करने के साथ-साथ, इन पांच प्रकार की सामाजिक पहलों का आचरण स्वयं करते हुए समाज को भी उसमें सहभागी व सहयोगी बनाने का प्रयास करेंगे । समाजहित में शासन, प्रशासन तथा समाज की सज्जनशक्ति जो कुछ कर रही है, अथवा करना चाहेगी, उसमें संघ के स्वयंसेवकों का योगदान नित्यानुसार चलता रहेगा। वर्ष 2025 से 2026 का वर्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे होने के बाद का वर्ष है। उक्त वर्णित समस्त आयामों में संघ के स्वयंसेवक अपने कदम बढ़ायेंगे, इसकी सिद्धता संघ द्वारा किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। समाज की एकता, सजगता व सभी दिशा में निस्वार्थ उद्यम, जनहितकारी शासन व जनोन्मुख प्रशासन स्व के अधिष्ठान पर खड़े होकर परस्पर सहयोगपूर्वक प्रयासरत रहते है, तभी राष्ट्रबल वैभव स पन्न बनता है। बल और वैभव से स पन्न राष्ट्र के पास जब हमारी सनातन संस्कृति जैसी सबको अपना कुटुंब माननेवाली, तमस से प्रकाश की ओर ले जानेवाली, असत् से सत् की ओर बढ़ानेवाली तथा मृत्यु जीवन से सार्थकता के अमृत जीवन की ओर ले जानेवाली संस्कृति होती है, तब वह राष्ट्र, विश्व का खोया हुआ संतुलन वापस लाते हुए विश्व को सुखशांतिमय नवजीवन का वरदान प्रदान करता है । सद्य काल में हमारे अमर राष्ट्र के नवोत्थान का यही प्रयोजन है ।

# सुलेमान ने विधवा जनजातीय महिला को लव जिहाद में फंसाकर बनाया मुस्लिम बनने का दबाव.

**प्रदेश में बढ़ रहे लव जिहाद के मामले.**

सीहोर के बुदनी थाना क्षेत्र में एक विधवा जनजातीय महिला को लव जिहाद में फंसाकर बलात धरमांतरण का मामला सामने आया है. जानकारी के अनुसार पीड़ित महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह बुदनी में अपने पति के साथ रहती थी परन्तु लगभग तीन साल पहले पति की मृत्यु होने के बाद उत्पन्न घरेलू विवाद के बाद वह आटो से अपने मायके जा रही थी तभी ऑटो चालक ने बात बात में महिला का नाम, पता पूछकर उससे मोबाइल नंबर ले लिया था।

उस समय आरोपी सुलेमान ने महिला को ने अपना नाम आशु बताकर उससे पहचान बनाई और कुछ दिन बाद महिला को झांसा देकर भोपाल ले आया। यहाँ भोपाल में




आशु ने सात दिन तक महिला को अपने दोस्त के कमरे में रखा और उसका शारीरिक शोषण भी किया। इसके बाद आरोपी सुलेमान महिला को जवाहर नगर कालोनी स्थित अपने मकान में ले गया।

**भोपाल आकर महिला को पता चला सुलेमान का सच -**

यहां महिला के सामने आशु को जब उसकी मां ने सुलेमान कहकर बुलाया तो उसे उसके साथ हुए धोखे का पता चला। सुलेमान की सच्च्चाई सामने आने के बाद जब मझिला ने अपने घर जाने की कोशिश की तो आरोपी ने बलपूर्वक उसे वहीं रोक लिया और उससे निकाह करके उसे मुस्लिम बनाने की बात की. इस तरह सुलेमान ने बलपूर्वक महिला का नाम जोया और उसके बेटे का नाम ईबाज कर दिया।

महिला ने बताया कि आरोपी ने उसे एक कमरे में बंद करके रखा था। वह किसी तरह सुलेमान के चंगुल से निकलकर अपनी बहन के पास पहुंची लेकिन सुलेमान उसका पीछा करते हुए उसके घर जा पहुंचा और पीड़िता के पिता पर जानलेवा हमला कर दिया. जिसके बाद पीड़ित महिला ने थाने जाकर आरोपी सुलेमान के खिलाफ पुलिस प्रकरण दर्ज कराया है. पुलिस ने सुलेमान के विरुद्ध मप्र धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, एससी-एसटी ऐ ट सहित अन्य धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी सुलेमान और उसके दोस्तों को गिर तार कर जेल भेज दिया गया है.

# बढ़ते इस्लामी अतिक्रमण के विरोध में उतरे भोपाल के नागरिक और सामाजिक संगठन.

## इस्लामिक माफिया और संस्थाएं कर रहीं हिन्दुओं की जमीन हड़पने का षड़यंत्र.

भोपाल। राजधानी में आए दिन हिंदुओ की जमीन पर मुस्लिम माफियाओं, संस्थाओं द्वारा तरह तरह के हथकंडे अपनाकर कब्जे किए जा रहे हैं. पहले पहले वे फ बोर्ड द्वारा हिन्दू अनाथालय की भूमि पर दावा जताया गया और अब इसी कड़ी में मिसरोद थाना क्षेत्र के एक ट्रेवल कंपनी में कार्य करने वाले भारत वैष्णव की जमीन पर अली खान (उर्फ गोलू तलवार) तथा शाहरुख ने कब्जे की योजना बनाकर हथियाने का प्रयास किया.

जिसके चलते आरोपियों द्वारा पहले भारत पर दबाव बनाया गया फिर फर्जी तरीके से कागजों में भी हेर



फेर किया गया किंतु इसकी जानकारी भारत को मिली तो उन्होंने संबंधित थाने में इसकी शिकायत की, इसके बाद अली खान उर्फ गोलू तलवार, शाहरुख तथा उसके साथियों ने मिलकर भूमि स्वामी भारत को डराया धमकाया कि तुझे जान से मार देंगे लेकिन जब भारत आरोपियों के सामने नही झुके तो दिनांक 11 मई को मौका पाकर भारत और आशीष सराठे पर अली खान उर्फ गोलू तलवार और शाहरुख ने अपने साथियों के साथ डंडे तथा तलवार से ताबड़तोड़ हमले किए गए जिसमें दोनों को गंभीर चोटें आई हैं.

गंभीर और संवेदनशील मामला होने के बाबजूद स्थानीय पुलिस और प्रशासन की उदासीनता के चलते अली खान उर्फ गोलू तलवार ने पीडित भारत को धमकी भरे मैसेज भेजना प्रारंभ कर दिया कि अभी तो बच गया लेकिन जल्दी ही तुझे और तेरे परिवार के टुकड़े टुकड़े कर देंगे और अगर इस सब से मुक्ति चाहता है तो उस जमीन को भूल जा। जब इसकी जानकारी उनके हिन्दू संगठनों को लगी तो उन्होंने थाना प्रभारी और भारत तथा उनके परिवार से संपर्क किया किन्तु पुलिस द्वारा इस विषय में उदासीन रवैया जारी है. वहीं पीड़ित के परिजनों का कहना है कि उत्तर के अतिवादी विधायक आरिफ अकील का अपराधियों को संरक्षण प्राप्त है तथा कुछ पुलिस विभाग के अधिकारियों का रिश्तेदार होने के कारण पुलिस उन्हें गिर तार नही कर रही है.

पुलिस की नाकामी के चलते परिवारजनों की सुरक्षा तथा अपराधियों की गिर तारी को लेकर हिंदू जागरण मंच के आह्वान पर हिंदू समाज ने आज मिसरोद थाने का सांकेतिक रूप से घेराव किया और आरोपियों शीघ्र कड़ी कार्रवाई और गिर तारी न होने पर 2 दिन बाद आंदोलन की चेतावनी दी है।

# गंगोत्री में जाम में फंसे मप्र के तीन श्रद्धालुओं की मौत, सहायता राशि का एलान

भोपाल। मध्य प्रदेश से चारधाम यात्रा पर गए तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई है। मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के आश्रितों को 4-4 लाख सहायता राशि की घोषणा की है। वहीं, उत्तराखंड में फंसे प्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए सरकार ने हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। उत्तराखंड में मृत तीनों श्रद्धालु अलग-अलग शहर इंदौर, सागर और नीमच के रहने वाले थे।

मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इन श्रद्धालुओं की मौत पर दुःख जताया है। साथ ही मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता राशि देने की घोषणा की है। हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं।



मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया पर लिखा कि चार धाम यात्रा पर गए मध्य प्रदेश के तीन श्रद्धालुओं के जाम में फंसने से हुए असामयिक निधन का समाचार अत्यंत दुखद एवं पीड़ादायक है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं की शांति एवं परिजनों को यह गहन दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

**इन यात्रियों की हुई मौत**

सागर के रहने वाले 71 वर्षीय राम गोपाल, नीमच की 62 वर्षीय संपत्ति बाई और इंदौर के 39 वर्षीय रामप्रसाद की मौत हुई है। राम गोपाल और संपत्ति बाई की मौत 10 मई और रामप्रसाद की मौत 14 मई को हुई। अधिकारियों ने अनुसार तीनों की मौत यमुनौत्री धाम की यात्रा के दौरान हुई है। मृत्यु का कारण हार्ट अटैक बताया गया है।

**इन नंबरों पर कर सकते हैं संपर्क**

प्रदेश सरकार ने चारधाम यात्रा में फंसे श्रद्धालुओं के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए है। मु यमंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि यात्रा में फंसे प्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए हेल्प लाइन नंबर 011-26772005, 0755-2708055 एवं 0755-2708059 जारी किया गया है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर सहायता के लिए इस नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

**भीड़ बढ़ने से सरकारी इंतजाम फेल**

उत्तराखंड में यमुनोत्री धाम की यात्रा अक्षय तृतीया से शुरू हो गई है। यमुनोत्री धाम की कठिन पैदल यात्रा के दौरान कई बार ऑ सीजन की कमी और ठंड के कारण तीर्थ यात्रियों की तबीयत बिगड़ जाती है। ऐसे में श्रद्धालुओं को पहाड़ी यात्रा को रुक रुक कर पूरा करने की सलाह दी जाती है। वहीं, इसके अलावा सैकड़ों यात्री गंगोत्री-यमुनोत्री धामों पर बिना रजिस्ट्रेशन के पहुंचने के कारण फंस गए हैं। इसके चलते सरकार की व्यवस्था चरमरा गई है। लोग जाम में फंसने के कारण भी परेशान हो रहे हैं।

# राजमाता माधवी राजे सिंधिया पंचतत्व में विलीन, नम आंखो से दी अतिम विदाई

## माँ को मुखग्नि देते समय भावुक हो फूट फूट कर रोने लगे ज्योतिरादित्य सिंधिया

भोपाल :- ग्वालियर राजघराने की राजमाता माधवी राजे सिंधिया गुरूवार को पंचतत्व में विलीन हो गई. उनके पुत्र ज्योतिरादित्य सिंधिया ने पारिवारिक छत्री में उनको मुखाग्नि दी । निधन होने के पश्चात से ही ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने आपको संभाले हुये थे परंतु मुखाग्नि देते समय माँ के बिछुडने का दर्द छलक का बाहर आ गया और सिंधिया फूट फूटकर रोने लगे ।

राजमाता माधवी राजे सिंधिया की पार्थिव देह के दर्शन के लिये जयविलास पैलेस में ग्वालियर शहर सहित आप पास के आमजन पहुँच रहे थे साथ ही अंतिम दर्शन एवं उनके अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गुरूवार की सुबह से ही बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा,प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी, प्रदेश शासन के उप मु यमंत्री राजेन्द्र शु ला, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद पटेल वरिष्ठ नेता जयभान सिंह पवैया, डॉ. नरोत्तम मिश्रा, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी सहित मध्यप्रदेश शासन के मंत्री, सांसद, विधायक एवं वरिष्ठ नेता मौजूद थे और शाम होते-होते सीएम मोहन यादव भी अंतिम संस्कार में शामिल होने पहुंच गए ।

सिंधिया की मां के अंतिम संस्कार में शामिल होने बीजेपी के साथ ही बड़ी सं या में कांग्रेस नेता भी पहुंचे थे. ग्वालियर महापौर शोभा सतीश सिकरवार भी मौके पर पहुंची थीं. जीतू पटवारी सहित कई अन्य कांग्रेसी दिल्ली पहुंचकर ही सिंधिया से मिलने पहुंच गए थे और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की

राजमाता माधवी राजे सिंधिया को श्रद्धांजलि देने के लिए पूरा सिंधिया परिवार भी मौजूद था । इनमें राजस्थान के पूर्व मु यमंत्री वसंधुरा राजे सिंधिया, शिवराज सरकार में कैबिनेट मंत्री रहीं यशोधरा राजे सिंधिया सहित परिवार के सभी सदस्यगण मौजूद थे जिन्होंने श्रद्धेय राजमाता माधवी राजे सिंधिया जी को नम आखों से अंतिम विदाई दी।

# भोपाल की रहने वाली लड़की की मनाली के होटल में हत्या, होटल कर्मचारियों की जागरूकता से पुलिस ने दबोचा

भोपाल। राजधानी भोपाल के शाहपुरा थाना क्षेत्र में रहने वाली एक 24 वर्षीय युवती की हिमाचल प्रदेश के मनाली में एक होटल के अंदर हत्या हो गई है। हत्या होटल में युवती के साथ रुके उसके हरियाणा के पलवल निवासी दोस्त विनोद ठाकुर के रूप में हुई है। युवती भोपाल से माता-पिता को बिना बताए 5 मई को सुबह करीब ग्यारह बजे के बार घर से लापता हुई थी। हालांकि उसने दिल्ली और फिर मनाली के लिए टिकट पहले ही बुक करा लिया था। परिजनों का आरोप है कि शाहपुरा पुलिस में गुमशुदगी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया था, लेकिन पुलिस ने बेटी को तलाशने कोई कार्य नहीं किया।



हालांकि शाहपुरा थाना प्रभारी ने कहा कि युवती के परिजनों ने कोई गुमशुदगी दर्ज नहीं कराई थी। जानकारी के अनुसार 24 वर्षीय शीतल कौशल पिता कैलाश कौशल शाहपुरा थाना क्षेत्र में रहती है। वह भोपाल के सरोजिनी नायडू स्नातकोत्तर महाविद्यालय (नूतन कॉलेज) से स्नातक की पढ़ाई की है। उसकी दोस्ती सोशल मीडिया के जरिए हरियाणा के पलवल निवासी विनोद ठाकुर से हुई थी।

**घूमने गए थे दोनों मनाली**

मनाली पुलिस ने पूछताछ के बाद जो जानकारी मीडिया को बताई है, उसके अनुसार मनाली के जिस एक होटल के कमरा नंबर 302 में मनाली के आधार कार्ड पर दोनों रूके थे। विनोद ठाकुर का कोई दस्तावेज भी होटल वालों ने जमा नहीं कराया था। शीतल और विनोद 13 मई को मनाली पहुंचे थे। होटल में शीतल का आधारकार्ड रजिस्टर्ड किया गया था। 14 मई को दोनों सिस्सू घूमने गए थे। शाम को वापस आने के बाद दोनों ने कमरे में ही होटल से खाना मंगवाकर खाया। कल 15 मई की शाम को विनोद ठाकुर ने होटल के मैनेजर से वोल्वो बस स्टैंड जाने के लिए टै सी मंगवाई। टै सी पहुंचने के बाद विनोद अकेला ट्रॉली बैग लेकर टै सी में बैठने जा रहा था।

**बैग भारी होने के बाद पकड़ाए**

बैग भारी होने के कारण विनोद ठाकुर उसे अकेला संभाल नहीं पा रहा था। विनोद के साथ जो युवती होटल में ठहरी थी, वह भी नहीं दिख रही थी। इसके बाद होटल के कर्मचारियों को विनोद ठाकुर पर शक हुआ तो उन लोगों ने पूछताछ की और पुलिस का सूचना दे दी। इसके बाद विनोद ठाकुर वहां से अपना बैग छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने बैग की तलाशी ली तो उसमें भोपाल निवासी शीतल कौशल की लाश मिली।

**बस स्टैंड से पकड़ाया आरोपी**

इधर मनाली पुलिस ने हत्या का खुलासा होने के बाद विनोद ठाकुर की तलाश शुरू कर दी। विनोद ठाकुर दूसरे वाहन से बस स्टैंड पहुंचा और हरियाणा के लिए भागने वाला था, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। विनोद ने हत्या करना भी स्वीकार कर लिया है। उसी ने बताया है कि हम दोनों घूमने आए थे और सोशल मीडिया के जरिए ही हम दोनों की दोस्ती हुई थी।

**पुलिस बोली- परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज नहीं कराई**

शाहपुरा थाने के थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह ने कहा कि युवती के परिजनों ने कोई गुमशुदगी दर्ज नहीं कराई है। मनाली पुलिस की सूचना के बाद थाने की पुलिस उनके घर पर पहुंची तो ताला लगा हुआ था। इसके बाद संपर्क किया तो पता चला कि मनाली पुलिस की सूचना के बाद युवती के परिजन मनाली के लिए भोपाल से रवाना हो चुके हैं।

# बैरागढ़ में चोरों का आतंक, 3 मकानों को बनाया निशाना

भोपाल। राजधानी भोपाल में बदमाशों का आतंक दिन-प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। जिसका एक ताजा मामला कल रात ही सामने आया है, जहां बैरागढ़ के टी वार्ड में चोरों ने 3 मकानों को अपना निशाना बनाया है और लाखों रुपए का जेवर लेकर फरार हो गए हैं। केवल इतना ही नहीं, इस दौरान चोरों ने बेडरूम में सो रहे बुजुर्ग दंपति के कमरे में रस्सी से बांध दिया। वहीं, पीड़ितों की शिकायत के बाद पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर लिया है। साथ ही आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार, बैरागढ़ के टी वार्ड में रहने वाले चंद्र बेलानी अपनी पत्नी के साथ नीचे के कमरे में सो रहे थे। तभी देर रात पटरी के रास्ते से चोर उनके घर की खिड़की तोड़कर अंदर दाखिल हुए। यहां पहले चोरों ने उन्हें रस्सी से बांधा। जिसके बाद किचन में से खाना निकाल कर खाए और फिर ऊपर के कमरे से 20 तोला वजनी गोल्ड लेकर फरार हो गए। जिसकी कीमत लगभग 40 लाख रुपए बताई जा रही है। वहीं, इसी कॉलोनी के दो अन्य मकानों को भी चोरों ने अपना निशाना बनाया है। यहां पर भी चोरों ने लगभग 10 से 20000 रुपए चुराए हैं। हालांकि, इन दो घरों में वह ज्यादा की चोरी नहीं कर पाए हैं। चोरी की इस घटना के बाद बुजुर्ग दंपति परिवार सदमे में है। बुजुर्ग का बेटा विदेश में बिजनेस करता है और उसकी बहू अपने मायके गई हुई थी, तभी चोरों ने इस वारदात को अंजाम दिया है।

# बिजली गिरने से एक मृत


## निवारी से मुवारी जा रहा था रघुवीर सिंह



छपारा यशोः- -अपने मामा के लड़के की शादी में रघुवीर सिरसाम पिता बलवान उम्र 32 वर्ष ग्राम पंचायत घुंघसा के ग्राम मुंआरी गांव से ग्राम पंचायत लकवाह के ग्राम निवारी में अपने मामा के लड़के की शादी में आया था जो बीते दिवस दहेज डालकर मोटरसाइकिल में वापस अपने गांव जा रहा था मोटर साइकिल में तीन लोग बैठे हुए थे मौसम खराब होने की वजह से रघुवीर सिरसाम रुक गए और तीनों वृक्ष के नीचे रुक गए जिसमें रघुवीर के साथ दो व्यक्ति अलग वृक्ष के नीचे छुपे थे जिसकी दुरी 30 फीट रही होगी और रघुवीर दूसरे वृक्ष के नीचे रुक गया उसे` या मालूम था कि आज उसका अंतिम दिन है, इसी समय अचानक बादल गरजे और एक जोरदार बिजली रघुवीर सिरसाम जिस वृक्ष छुपे थे वहा गिरी और घटनास्थल पर ही रघुवीर की मृत्यु हो गई रघुवीर के साथ जो दो व्यक्ति थे उन्होंने यह घटना प्रत्यक्ष देखी उक्त 15 मई लगभग 3:15 बजे स्थान तीन आम के पास की घटना है जब प्रत्यक्षदर्शी ने यह दृश्य देखा तो देखते ही रह गए मृत्यु के बाद छपारा पुलिस को सूचना की गई पुलिस मौके में पहुंचकर पंचनामा बनाकर बाकी की कार्रवाई कर रही है मृतक के दो लड़के हैं । खबर सुनकर परिवार में मातम का माहौल बन गया ।

# मातृधाम मंदिर का 28 वां पाटोत्सव आज

**"वैशाख शु ल दशमीं" दिनांक 18 मई 2024 शनिवार को**





सिवनी यशोः- सिवनी से 12 किमी दूर छिंदवाड़ा रोड स्थित मातृधाम शक्तिपीठ जहां सनातन धर्म के सर्वोच्च धर्माचार्य भगवत्पूज्यपाद धर्मसम्राट् अनंतश्री विभूषित ज्योतिष् एवं द्वारका-शारदापीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानन्द सरस्वती जी महाराज ने जन्मदात्री माता पूज्यनीय श्री गिरिजा देवी के पावन जन्म स्थान में परमराध्या भगवती श्रीमाता ललितेश्वरी त्रिपुर सुंदरी के साथ अपनी मां को प्रतिष्ठित कर पूरे विश्व को *÷मातृदेवोभव÷* का महान सनातनी संदेश दिया। *÷न मातु÷ परदैवत ÷* मां से बढ़कर कोई देवता नहीं। मां के ऋष्ण से कोई भी मुक्त हो सकता। माता ही सर्वत्र वंदनीय है यह दिव्य भाव को महिमा मंडित करता मातृधाम शक्तिपीठ सनातनियों के लिए धार्मिक आस्था और विश्वास का महान केंद्र है। जहां माता की महिमा को देखकर मन मंत्रमुग्ध हो जाता है। पूरे भारत से इस शक्तिपीठ में सनातन का आना-जाना निरंतर चलते रहता है। समय-समय पर विविध धार्मिक आयोजन अनुष्ठान संपन्न होते रहते हैं। उक्त जानकारी देते हुये धर्मवीर अजित गौरीशंकर तिवारी ने बताया कि इस वर्ष भी परम पूज्य गुरुदेव भगवान धर्मसम्राट् श्री जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज के शुभाशीर्वाद से मातृधाम मंदिर का 28 वां पाटोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया जायेगा। आज के दिन वैशाख शु ल दशमी के दिन 17 मई 1997 को पूज्यपाद महाराजश्री ने अपनी जन्मदात्री माता श्रीगिरिजा देवी के पावन जन्म स्थान में सिद्धिदात्री परमाराध्य भगवती श्रीमाता ललितेश्वरी त्रिपुर सुंदरी महारानी, दस महाविद्यायें, बटुकभैरव, नवग्रह, श्री अंबिकेश्वर महादेव, श्री ललितेश्वर महादेव एवं इष्टसिद्धि हनुमान जी महाराज की प्राण-प्रतिष्ठा की थी। इसी स्थापना दिवस को प्रति वर्ष पाटोत्सव के रूप में मनाया जाता है। *हर वर्ष इस वर्ष यह पाटोत्सव 18 मई 2024 दिन शनिवार को प्रातः 10 बजे से मनाया जायेगा। श्री तिवारी ने बताया कि प्रातः कालीन भगवती का विशेष पूजन सहस्त्रार्चन एवं भगवान भूतभावन श्री ललितेश्वर महादेव का दुग्धाभिषेक एवं इष्टसिद्धि हनुमान जी महाराज का पूजन-अर्चन किया जावेगा। इस अवसर पर भजन जस एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया है। मध्याह्न में महाप्रसाद का वितरण भी मंदिर परिसर में किया जावेगा। अतः आप से आग्रह है की आप इस पुनीत अवसर पर उपस्थित हो एवं पुण्य लाभ अर्जित करने अनुरोध किया गया है।

# ओपन बोर्ड द्वारा आयोजित होने वाली परीक्षा की समय सारणी जारी

सिवनी यशोः- प्राचार्य शासकीय नेताजी सुभाषचंद्र बोस उच्च. माध्य. विद्यालय सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि म.प्र.राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड भोपाल (ओपन बोर्ड) द्वारा आयोजित ''रूक जाना नहीं÷ परीक्षा कक्षा पांचवी/आठवी, ÷आ अब लौट चले÷ एवं पर परागत ओपन कक्षा 10वीं/12वीं परीक्षा की समय सारणी बोर्ड द्वारा ओपन बोर्ड की बेवसाइट पर अपलोड की जा चुकी है। परीक्षाऐं 20/05/2024 से प्रांरभ हो रही है, जोकि दो पाली में संपादित होंगी। कक्षा 10वीं एवं कक्षा 5वीं/8वीं की परीक्षा दोपहर 2:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक एवं कक्षा 12वीं की प्रातः 08=00 बजे से 11 बजे तक होगी। संबंधित परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र उचेवेण्दपबण्पद की बेवसाइट से डाउनलोड कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए संकलन केन्द्र-ईएफए शासकीय नेताजी सुभाषचंद्र बोस उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी में संपर्क कर सकतें हैं।

# आई टी आई के ऑटोमोबाइल से टर के विद्यार्थियों ने जाब ट्रेनिंग ली



छपारा यशोः- नगर की शासकीय आई टी आई कॉलेज के ऑटोमोबाइल से टर के विद्यार्थियों ने नगर में स्थित अधिकृत टाटा सर्विस सेंटर में ऑन जॉब ट्रेनिंग प्राप्त की।

इस विषय में जानकारी देते हुए कालेज के प्राचार्य नलिन तिवारी ने बताया कि औद्योगिकरण विकास का आधार है उद्योगों के लिए कुशल जनशक्ति तैयार करने का दायित्व तकनीकी शिक्षा एवम कौशल विभाग के अंतर्गत संचालित आई टी आई कॉलेज का है। इसके अंतर्गत आई टी आई के विद्यार्थी प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत विभिन्न शासकीय व अशासकीय उद्योगों में नियोजित होते है। उद्योगों से अनुकूलता प्रदान करने के उद्देश्य से ही कॉलेज अपने विद्यार्थियों को औद्योगिक ऑन जॉब ट्रेनिंग करवाता है । जिससे विद्यार्थी उद्योगों की कार्यप्रणाली व नवीन तकनीक से अवगत होते है एवम स्वयं प्रायोगिक तौर से प्रशिक्षण प्राप्त करते है और कार्य संस्कृति से अवगत होते है।व्यवसाय प्रशिक्षण अधिकारी हर्ष सोनी के कुशल मार्गदर्शन में उक्त प्रशिक्षण स पन्न हुआ। जहां सर्विस सेंटर के संचालक अंबर चौकसे के निर्देश पर सेंटर के प्रबंधक मुबासिर खान एवं राहुल कोष्ठ के निर्देशन में तकनीकी सहायक मो.शाहिद खान ने विद्यार्थियों को इंजिन की कार्यप्रणाली, इंजिन कैसे काम करता है ? वाहन के कूलिंग सिस्टम, सस्पेंशन सिस्टम, यूल सप्लाई सिस्टम,इले ट्रॉनिक सेंसर सिस्टम, ओबीडी स्कैन टूल का उपयोग कर एरर ढूंढना,बीएस 6 एग्जास्ट सिस्टम, डीपीएफ सेंसर, व्हील अलाइनमेंट,हाईटेक उपकरणों के विषय में छात्रों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी तथा इंडस्ट्री में सुरक्षा तथा सावधानियों के बारे में बताया। ऑटोमोबाइल से टर की तकनीकी से संबंधित व्यवहारिक ज्ञान को सूक्ष्मता से समझाया गया। कॉलेज छात्र मुकुल तंतुवाय ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्हें इस भ्रमण से जानकारी प्राप्त हुई कि बीएस 6 वाहनों में किस प्रकार प्रदूषण में कमी लायी जाती है। साथ ही बीएस 4 व बीएस 6 में अंतर समझ आया। छात्र तोफिक ने इस भ्रमण को बहुत ही उपयोगी बताया।

# बरसात के पहले नगर के नाले और नालियों की सफाई के प्रति नगर परिषद गंभीर नहीं

**सफाई हेतु नगर परिषद के पार्षदों ने दिया आवेदन**



छपारा यशोः- बारिश के पूर्व नगरीय निकाय अंतर्गत आने वाले नाले-नालियों की साफ-सफाई करवाने हेतु नगर परिषद के कर्णधार गंभीर नजर नही आ रहे हैं। वही यदि समय रहते नाले और नालियों में बारिश के पानी की सुचारू निकासी नही होने पर बाढ़ जैसी भारी परिस्थितियों का भी लोगो को सामना करना पड़ता है, साथ ही गंदगी, प्रदूषण से बीमारियों के पनपने की संभावना रहती हैं, इस मामले की गंभीरता को समझते हुए जिला कले टर क्षितिज सिंघल द्वारा जिला मु यालय में बैठक लेकर नगरपालिका,नगर परिषद के मु य नगर पालिका अधिकारियों को निकाय अंतर्गत आने वाले नाले-नालियों की साफ-सफाई करवाने के लिए विशेष अभियान शुरू करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि अतिवर्षा की स्थिति में बाढ़ की संभावना न रहे, और नाले नालियों में गंदगी का अंबार भी जमा न रहे, योंकि गंदगी से मानव स्वास्थ्य और उनके जीवन को विपरित प्रभाव पड़ता है, शहरी क्षेत्रों में स्वच्छता बनी रहे, शहरी क्षेत्र के नदी, नाली, नालों की साफ-सफाई गंदगी के अंबार को प्रमुखता और व्यवस्थित ढंग के लिये विशेष अभियान शुरू करें। इसके बाद भी छपारा नगर परिषद के जि मेदारो ने इस मामले पर अभी तक कोई पहल नहीं की,वही परिषद के वार्ड नं दस के पार्षद रामेश्वर बंजारा,परिषद के उपाध्यक्ष शिवकांत सिंह, सभापति धर्मेंद्र जैन और पार्षद मोनू कोष्टा ने मु य नगर पालिका अधिकारी को आवेदन देकर इस मामले में अवगत कराया जिसमे उन्होंने कहा कि नगर परिषद अंतर्गत मु य मार्ग एवं बस्ती के समीप स्थित नाले और नालियों की एस साफ-सफाई कराये जाने के संबंध में आवेदन पत्र भी दिया गया। वही वार्ड नं दस के समस्त वार्डवासी ने भी कहा की वर्तमान में हमारी बस्ती / घरों के समीप स्थित नाले में रूका हुआ पानी भरा हुआ है जिसमें वर्तमान में अत्यधिक मच्छरों व गंदगी का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे की भयावह बीमारी होने की आशंका है, ऐसी परिस्थितियों में उक्त नाले सहित आस-पास की झाडियों,घास, कचरा की सफाई कार्य कराये जाए, साथ ही निकाय द्वारा मच्छरों के लिए दवाई आदि का छिड़काव कराये जाने की बात कही गई।

वही इस मामले में नगर परिषद के सीएमओ श्याम गोपाल भारती ने कहा कि नगर के बीच बहने वाले नाले की सफाई जारी थी किंतु आचनक बेमौसम बारिश आ जाने से काम रुक गया था जल्द ही परिषद क्षेत्र के नाले और नालियों की सफाई पुनः शुरू किया जायेगा।

# आई.टी.आई कालेज में आयोजित हुआ विधिक जागरूकता शिविर

सिवनी यशोः- अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी श्रीमान सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन में एवं श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के निर्देशन में श्री निमिष राजा न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी के द्वारा गुरूवार 16 मई 2024 को आई.टी.आई.कालेज सिवनी में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में नालसा अंतर्गत योजना आदिवासियों के अधिकारों का संरक्षण और प्रवर्तन के लिए विधिक सेवाएं योजना, संविधान के मौलिक अधिकार एवं कर्त्तव्य, पास्को ऐ ट, यौन उत्पीड़न, के विषय में जानकारी प्रदान की गई।

# छपारा नगर की बैंको में रैकी करने वाले दो बदमाश पुलिस की गिर त में

## पीड़ित दुकानदार ने घटना के एक साल बाद फिर बैंक शाखा में रैकी करते देख दोनों को पहचान पुलिस को सूचना दी

**दोनों आरोपी मध्य प्रदेश के कई जिलों में चोरी की वारदातों को दे चुके हैं अंजाम**



छपारा यशोः- गत दिवस 14 मई मंगलवार को नगर की बैंक में बड़ी रकम का लेन-देन कर रहे लोगों की रैकी करते दो संदिग्धों को सूचना पर पुलिस ने गिर तार किया, पूछताछ में दोनों व्यक्तियों ने कबूल किया की विगत वर्ष 23 फरवरी 2023 को नगर के बस स्टैंड क्षेत्र के नजदीक अंग्रेजी शराब दुकान के बगल की बर्तन दूकान के सामने खड़ी बाइक पर टंगे थैले में से डेढ़ लाख रुपए नगदी पार कर भाग निकलने में सफल हो गए थे। वही गत दिवस मंगलवार को दोनों आरोपी नगर के संजय कालोनी चौराहे स्थित सेंट्रल बैंक के आसपास संदिग्ध अवस्था में रेकी करते नजर आए जिस पर नगर के जागरूक नागरिकों ने इसकी सूचना छपारा पुलिस को दी इस मामले में पुलिस ने तत्काल सक्रियता दिखाते हुए दोनों आरोपियों के पास से एक 200 सीसी पल्सर बाइक जप्त किया दोनों आरोपी ग्राम विजयनगर ,थाना कापू, जिला रायगढ़, छत्तीसगढ़ के निवासी हैं दोनों मध्यप्रदेश के अन्य स्थानों पर बैंकों में पहुंचकर बड़ी रुपयों का लेन-देन करने वाले लोगों पर नजर रखने और बैंक से व्यक्तियों से अवसर मिलते ही बेग, बाइक की डिक्की से रुपए अपनी बगैर नंबर प्लेट की स्पीड बाइक से फरार हो जाया करते थे और पकड़े गए दोनों आरोपियों के नाम बाबू सिंह नट उर्फ पप्पू पिता आंनद राम नट और विजय सिंह नट पिता आंनद राम नट हैं दोनों आरोपी रिश्ते में सगे भाई हैं।

**बैंक से रुपए निकाल बर्तन दूकान के सामने खड़ी कर दुकान पर पहुंचते ही बेग ले चंपत हो गए थे आरोपी -**

घटना विगत वर्ष 23 फरवरी 2023 की है नगर के शीशगर वार्ड निवासी शरद अवधिया बर्तन व्यापारी ने अपने आवश्यकता पड़ने नगर की स्टेट बैंक शाखा से डेढ़ लाख रुपए नगदी निकाल बेग में रख अपनी बर्तन दूकान के सामने खड़ी की और उसी बाइक के हैंडल पर बेग टंगा हुआ तो दिया इस बात से बेखबर की उन पर कोई नजर रख रहा है बाइक पर टंगा बेग जिसमें डेढ़ लाख रुपए और दस्तावेज रखे हुए थे पकड़े गए दोनों आरोपियों ने शरद अवधिया का ध्यान बाइक से ध्यान हटते देख बेग उड़ा कर स्पीड बाइक से फरार होने में सफल हो गए थे जिनको पकड़ने की कोशिश की गई परन्तु आरोपियों के पास स्पीड बाइक होने से वह पकड़ में नहीं आए थे।

# आनंद व उमंग के साथ मनाया गया श्रीश्री रविशंकर जी का अवतरण दिवस



सिवनी यशोः- आर्ट ऑफ लिविंग परिवार सिवनी द्वारा देश सहित विदेशों में भी अपने अध्यात्म का परचम लहराने वाले देश के गौरव आर्ट आफ लिविंग के प्रणेता गुरुदेव श्रीश्री रविशंकर जी का 68वां अवतरण दिवस पूरे हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ द ग्रैंड रजवाड़ा लूघरवाड़ा सिवनी में मनाया गया.

भोपाल से पधारे आर्ट ऑफ लिविंग टीचर श्रीमती पूनम भार्गव एवं छिंदवाड़ा से पधारे श्री भूपेंद्र मिश्रा के सानिध्य में म.प्र. अपै स मेंबर श्री सुनील मालू द्वारा गुरुदेव के अवतरण दिवस पर सर्वप्रथम गुरु पूजा एवं केक काटकर भजन व सत्संग कार्यक्रम का आयोजन हुआ. जिसमें भक्तिमय वातावरण में गुरु भक्ति के गीतों ने उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर गुरुदेव के दिव्य दर्शन का आनंद पहुंचाया.

मनीष अग्रवाल ने सहपरिवार उपस्थित हुए गुरुभक्तों से आग्रह किया कि शिक्षा एवं अध्यात्म के प्रचार प्रसार का कार्य करते हुए आज श्री श्री रविशंकर के जन्म दिन पर हम सभी उनके अनमोल विचारों को आत्मसात करें, इस अवसर पर अनेक गुरुभक्त कार्यक्रम में शामिल हुए. कार्यक्रम के पश्चात गुरुभक्तों ने भोजन प्रसाद भी ग्रहण किया.

ज्ञात हो कि गुरुजी के जन्मदिन के पूर्व छह दिवसीय आनंद उत्सव कोर्स के माध्यम से लोगों को वर्तमान जीवन में कैसे खुश रहें, के गुर भी सिखाये गये. जिसमें भाग लेकर लोगों ने आनंद, प्रेम, शांति का अनुभव प्राप्त किया और जो उन्होंने इस सुदर्शन क्रिया के माध्यम से प्राप्त किया उसका लाभ अन्य लोगों को दिलाने और गुरुजी के तनाव मुक्त जीवन एवं हिंसामुक्त समाज के लिए कार्य करने के संकल्प को निरंतर आगे बढ़ाने का निर्णय लिया.

# कृषकों के लिए अल्पकालीन फसल ऋृण की देय तिथि बढ़कर 31 मई की

भोपाल । राज्य शासन ने केवल उपार्जन से संबंधित कृषकों के लिए खरीद 2023 सीजन में वितरित किए गए अल्पकालीन फसल ऋृण की देय तिथि बढ़ाकर 31 मई 2024 नियत की है। पहले यह तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी। सरकारी बैंकों के माध्यम से कृषकों को अल्पकालीन ऋृण पर ब्याज अनुदान योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋृण दिये जाने की योजना निरन्तरता के संबंध में भी निर्देश जारी किये गये हैं। योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन में वितरित अल्पकालीन फसल ऋृण की देय तिथि (डयू डेट) 28 मार्च, 2024 को बढ़ाकर 30 अप्रैल, 2024 करने के आदेश सहकारिता विभाग ने प्रसारित किये हैं।

किसानों को उपार्जित फसल की देय राशि प्राप्त होने में तकनीकी आदि कारणों से विलंब को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि केवल ऐसे कृषकों जिनके द्वारा निर्धारित डयू डेट 30 अप्रैल, 2024 तक समर्थन मूल्य पर अपने विभिन्न फसलों जैसे - गेहूं, चना, मसूर, सरसों आदि का विक्रय किया गया है एवं उन्हें उनके उपज विक्रय की राशि का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है तथा उपार्जन की निर्धारित अंतिम तिथि तक उक्त फसलों का विक्रय करने वाले शेष किसानों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन की निर्धारित डयू डेट 30 अप्रैल, 2024 को बढ़ाकर 31 मई, 2024 किया जायेगा।

# खेल विभाग के समर कैंप से कुई के खिलाड़ियो को मिल रही दिशा

## खेल स्वस्थ समाज और उज्जवल भविष्य की नींव - निकेश पद्माकर





कुरई यशोः- संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल के निर्देशानुसार जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती मनु धुर्वे के मार्गदर्शन में पूरे जिले में 25 अप्रैल से 25 मई तक निःशुल्क 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेलकूद प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रारंभ है. जिसके चलते विकास खंड कुरई में अग्रणी पब्लिक स्कूल परिसर में चलने वाले नेटबॉल और कबड्डी प्रशिक्षण शिविर में बालक- बालिकाएं पूर्णमनोयोग से खेल की बारीकियां सीख रहे हैं।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए विकास खंड प्रभारी श्री निकेश पदमाकर ने बताया कि प्रतिदिन प्रातः 06:00 से 8:00 बजे एवं शाम 05:00 से 7:00 बजे तक चलने वाले इस प्रशिक्षण शिविर में 05 वर्ष से लेकर 18 वर्ष आयु वर्ग के लगभग 60 बालक-बालिका खिलाड़ी नियमित प्रशिक्षण का लाभ ले रहें हैं।

इसी क्रम में आज छात्रवास अधीक्षक एवं सी.ई.ओ ब्लॉक ऑफिस कुरई श्री हीरामणी दीक्षित समर कैंप में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों परिचय प्राप्त करने पहुंचे. खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने पहुंचे अतिथि का स्वागत विकास युवा समन्वयक श्री निकेश पद्माकर, नेटबॉल प्रशिक्षक श्री नरेन्द्र पवार, कबड्डी प्रशिक्षक सुश्री अंजली श्रीवास्तव एवं खिलाड़ियों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर किया. खिलाड़ियों से परिचय उपरांत अपने समय के बेहतरीन क्रिकेट खिलाड़ी, खेल प्रेमी श्री दीक्षित जी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वास्थ सबसे बड़ा धन है और स्वस्थ रहने के लिए खेल जरूरी है. उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि छुट्टी के दिनों में बच्चे घरों में टी.वी. देखते और मोबाइल चलाते इससे अच्छा बच्चों ने अपने शरीर को स्वस्थ रहने के लिए खेल को चुना है. सभी पालकों को अपने बच्चों को खेल से जोड़ना चाहिए और खेल प्रशिक्षण के लिए नियमित खेल मैदान भेजना चाहिए. शिविर के संयोजक श्री निकेश पद्माकर ने खेलों को स्वस्थ समाज और उज्जवल भविष्य की नींव बताते हुए कहा कि खेल मात्र मनोरंजन का साधन नहीं हैं पढ़ाई के साथ -साथ खेलों का अपना महत्व है इसके लिए जरूरी है बच्चें खेलों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें खेलों के क्षेत्र में बच्चें न सिर्फ स्वस्थ रहते हैं बल्कि वो खेलों के क्षेत्र में भविष्य बना देश का नाम भी रोशन कर सकते हैं।

कार्यक्रम के अंत में खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन के लिए श्री हीरामणी दीक्षित जी द्वारा बच्चों की पसंदीदा रुटी और क्रीम बिस्किट पैकेट वितरीत किए गए. प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को निखारने का कार्य कर रहें नेटबॉल एवं कबड्डी प्रशिक्षकों को बधाई एवं शुभकामनांए प्रेषित करते हुए खिलाड़ियों को आशीर्वाद प्रदान करने उनका उत्साहवर्धन करने पहुंचे दीक्षित जी का विकासखंड युवा समन्वयक श्री निकेश पद्माकर ने आभार व्यक्त किया।

खेल स्वस्थ समाज और उज्जवल भविष्य की नींव हैं खेल मात्र मनोरंजन का साधन नहीं हैं पढ़ाई के साथ - साथ खेलों का अपना महत्व है. इसके लिए जरूरी है बच्चें खेलों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें खेलों के क्षेत्र में बच्चें न सिर्फ स्वस्थ रहते हैं, बल्कि वो खेलों के क्षेत्र में भविष्य बना देश का नाम भी रोशन कर सकते हैं।

## अवैध खनिज उत्खनन पर 21.53 करोड़ का जुर्माना, 30 डंपर, 2 पोकलैंड मशीने जप्त

**ताबड़तोड़ कार्यवाही में अनेको के विरूद्ध एफ. आई. आर.**

सिवनी यशोः- मध्यप्रदेश में खनिज संपदा का जमकर अवैध दोहन हो रहा है, और जमीन को खोखला किया जा रहा है । प्राकृति से प्राप्त अमूल्य खनिज संपदा का मनमाने तरीके से उत्खनन भविष्य में घातक परिणामकारी होना निश्चित है । इस बात को ध्यान में रखते हुये प्रदेश के मु यमंत्री डाँ. मोहन यादव के निर्देश पर अनेक जिलों में खनिज माफियाओं के विरूद्ध ताबड़तोड़ कार्यवाही प्रारंभ हो गयी है । बैतूल जिले के कले टर नरेन्द्र सूर्यवंशी ने अपने पूरे दल बल के साथ बुधवार को अवैध खनन के एक बड़ाअभियान प्रारंभ कर 30 डंपर, 2 पोकलैंड मशीने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से जप्त की है । जानकरी के अनुसार यह कार्यवाही लगातार 18 घंटे तक चलाई गयी । कार्यवाही में जिला पुलिस अधीक्षक एवं राजस्व विभाग के अधिकारी शामिल रहे ।

इस कार्यवाही में अनेक व्यक्तियों के विरूद्ध एफ आई आर दर्ज की गयी, अनेक स्थानों पर अवैध तरीके से डंप रेत जप्त की । इसके साथ ही बंसल कंस्ट्रे शन ग्रुप, भोपाल को अवैध खनन के दो अलग-अलग मामलों में कुल 21.53 करोड़ रुपये का जुर्माना भरना पड़ा। कले टर सूर्यवंशी के आदेश के बाद एडीएम कोर्ट बैतूल ने जुर्माना लगाया। यह जुर्माना विभिन्न स्थानों से मुरुम और गौण खनिज मिट्टी का अवैध खनन करने के लिए लगाया गया। प्रदेश के मु यमंत्री डां. मोहन यादव की मंशा के अनुसार इस प्रकार की कार्यवाही खनिज माफियाओं पर प्रारंभ हो गयी है । सिवनी, बालाघाट एवं मंडला जिलों में इस प्रकार की बड़ी कार्यवाही किसी भी दिन खनिज माफिओं के विरूद्ध हो सकती है ।

## पुस्तक मेले में अभिभावक बढ़-चढ़कर कर रहे सहभागिता

### कले टर ने जिलास्तरीय पुस्तक-गणवेश मेला पहुंचकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

सिवनी यशोः- जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग सिवनी द्वारा शासकीय उर्दू उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिवनी में आयोजित तीन दिवसीय जिलास्तरीय पुस्तक एवं गणवेश मेला का कले टर क्षितिज सिंघल एवं मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी द्वारा अवलोकन किया गया। इस दौरान कले टर श्री सिंघल ने उपस्थित पालकों एवं व्यापारियों से चर्चा की। उन्होंने चर्चा के दौरान प्राप्त शिकायतों का शीघ्र निराकरण करने संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को दिए।

जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी ने बताया कि मेले में पुस्तक एवं गणवेश विक्रेताओं द्वारा अपने-अपने स्टाल स्थापित किए गए हैं। मेले में अभिभावकों द्वारा बढ़-चढ़ सहभागिता सुनिश्चित करते हुए पुस्तक, यूनिफॉर्म, बैग एवं अन्य शैक्षणिक सामग्रियों का ऋय किया जा रहा है।

# मतगणना हेतु अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजित

मंडला यशोः- लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत 4 जून को होनी वाली मतगणना को निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना द्वारा विभिन्न कार्यों के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुये अधिकारियों के मध्य कार्य का विभाजन किया गया है। इस संबंध में जारी आदेश के अनुसार मतगणना दल गठन एवं मतगणना दलों के लिये आवश्यक प्रशिक्षण की व्यवस्था के लिये सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट एवं संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मतगणना स्थल एवं मतगणना दलों की समस्त तैयारियों के लिये अपर कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, मतगणना सामग्री के लिये अपर कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह एवं संयुक्त कले टर हुनेन्द्र घोरमारे, स पूर्ण मतगणना स्थल पर कानून व्यवस्था के लिये पुलिस अधीक्षक मंडला तथा अपर कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, परिचय पत्र के लिये संयुक्त कले टर ऋषभ जैन एवं संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, एनकोर एप्लीकेशन के लिए अपर कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह तथा संयुक्त कले टर अरविंद सिंह को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। मीडिया रूम, क प्यूनिकेशन एवं उद्घोषणा के लिए सहायक संचालक जनस पर्क अनादि वर्मा, सहायक संचालक महिला बाल विकास विभाग रोहित बड़कुल एवं प्राचार्य हाई स्कूल बिंझिया मुकेश पाण्डेय, पोस्टल बैलेट के लिए सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट तथा संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। स्ट्राँग रूम मैनेजमेंट एवं मतगणना के लिए अपर कले टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त कले टर हुनेन्द्र घोरमारे एवं संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर तथा जिला कोषालय अधिकारी अखिलेश नेटी, सीलिंग के लिए संयुक्त कले टर ऋषभ जैन एवं संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, ईव्हीएम मैनेजमेंट के लिए संयुक्त कले टर हुनेन्द्र घोरमारे, जानकारियों के संकलन एवं प्रेषण के लिए संयुक्त कले टर अरविंद सिंह को नोडल अधिकारी बनाया गया है। मतगणनाकर्मियों हेतु वेलफेयर मैनेजमेंट के लिए सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, वीडियोग्राफी एवं सीसीटीव्ही कार्य के लिए एसडीएम सोनल सिडाम, विद्युत व्यवस्था के लिए कार्यपालन यंत्री म.प्र.वि. मंडल शरद बिसेन तथा चिकित्सा व्यवस्था के लिए मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी मण्डला को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

**समीक्षा बैठक 20 को**

मतगणना कार्य को निर्विघ्न एवं सुचारू रूप से संपन्न कराने हेतु तथा विभिन्न कार्य हेतु नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। 20 मई 2024 को टीएल बैठक के पश्चात जिला योजना भवन में मतगणना कार्य हेतु नियुक्त नोडल अधिकारी तथा सहायक नोडल अधिकारी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई है। अधिकारियों से तैयारी सहित बैठक में अनिवार्य रूप से उपथित होने के निर्देश दिए गए हैं।

## वृद्धा आश्रम रपटाघाट में विधिक जागरुकता कार्यक्रम स पन्न



मंडला यशोः- मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एस. जोशी के निर्देशन में एवं प्रवीण कुमार सिन्हा जिला न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में वृद्धा आश्रम रपटाघाट मण्डला में विधिक जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण कुमार सिन्हा, प्रथम जिला न्यायाधीश सुबोध कुमार विश्वकर्मा एवं वृद्धजन की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

प्रवीण कुमार सिन्हा जिला न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बताया कि माता-पिता की देखभाल करना प्राचीनकाल से ही पुत्रों का दायित्व माना गया है। भरण पोषण अधिनियम के तहत यदि माता-पिता अपनी आय अथवा अन्य संपत्ति से स्वयं अपना भरण-पोषण करने में असमर्थ हों तो वृद्ध अथवा अशक्त माता-पिता अपने पुत्र और पुत्री से भरण-पोषण प्राप्त करने के हकदार हैं। साथ ही विधिक सहायता एवं सलाह योजना एवं महिला सशक्तिकरण को परिभाषित करते हुए महिलाओं को सशक्त बनने के रास्ते सुझाए। साथ ही बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को स मान के साथ जीने एवं समान रूप से न्याय प्राप्त करने का अधिकार है के संबंध में जानकारी दी। इसके साथ ही राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के द्वारा संचालित अन्य योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## कले टर ने एसडीएम एवं तहसील न्यायालय का निरीक्षण किया



सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल ने गुरुवार 16 मई को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सिवनी न्यायालय तहसीलदार, नायब तहसीलदार न्यायालय एवं लोकसेवा केंद्र का निरीक्षण कर कार्यों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने न्यायालयों आवेदन पंजी, पावती संधारण, अपील पंजी, अभिलेख पासबुक सहित नामांतरण बटवारा संबंधी प्राप्त आवेदनों का अवलोकन किया। उन्होंने लंबित प्रकरणों पर पक्षकारों को सुनवाई के लिए नियत तिथि के पूर्व सूचित करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करते हुए प्रकरणों को शीघ्र निराकृत करने के निर्देश उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को दिए। इसी तरह प्राप्त आवेदनों पर संबंधित न्यायालय द्वारा निराकरण की स्थिति का विभागीय राजस्व पोर्टल पर भी अवलोकन किया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश अधिकारी कर्मचारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सिवनी सुश्री मेघा शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जैव विविधता पुरस्कार के आवेदन 30 जून तक आमंत्रित

मंडला यशोः- मध्यप्रदेश राज्य जैव विविधता बोर्ड द्वारा प्रदेश में जैव विविधता संरक्षण को प्रोत्साहन देने हेतु राज्य स्तरीय वार्षिक जैव विविधता पुरस्कार योजना प्रारंभ की गई है। जैव विविधता संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे लोगों की पहचान एवं उन्हें प्रोत्साहित करने 30 जून 2024 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। पुरस्कार से संबंधित दिशा-निर्देश एवं प्रपत्र बोर्ड की वेबसाईट www.mp forest. gov.in/mpsbb पर देखा जा सकता है।

## कले टर ने तहसील न्यायालय केवलारी का किया निरीक्षण

सिवनी यशोः- कले टर क्षितिज सिंघल ने गुरुवार 16 मई को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) केवलारी राजस्व न्यायालय, तहसीलदार, नायब तहसीलदार राजस्व न्यायालय का निरीक्षण कर संचालित कार्यों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने न्यायालयों आवेदन पंजी, पावती संधारण, अपील पंजी, अभिलेख पासबुक सहित नामांतरण बटवारा संबंधी प्राप्त आवेदनों का अवलोकन किया। उन्होंने लंबित प्रकरणों की भी जानकारी लेकर लंबित रहने के कारणों को जाना तथा त्वरित नियमानुसार कार्यवाही करते हुए प्रकरणों को निराकृत करने के निर्देश संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को दिए। उन्होंने विभागीय राजस्व पोर्टल का अवलोकन कर प्रकरणों के निराकरण की स्थिति का भी अवलोकन किया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित कर्मचारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व केवलारी महेश अग्रवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उर्स के कार्यक्रम में केवलारी विधायक ने की शिरकत

छपारा यशोः- कौमी एकता के प्रतीक अजीमुश्शान बली हजरत सैयद शाह रहमतुल्ला अलह डॉ टर कॉलोनी महावीर वार्ड छपारा में स्थित दरगाह में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी 15 मई को सैयद उर्स कमेटी के द्वारा शमा महफिल शानदार कव्वाली का कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस कार्यक्रम के मु य अतिथि केवलारी के विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने कार्यक्रम में शिरकत की सर्वप्रथम उन्होंने हजरत की दरगाह में चादर पेश की, तत्पश्चात शानदार कव्वाली के कार्यक्रम में आए हुए कव्वालों का पुष्पमालाओ से स्वागत किया । कव्वालों की हौसला अफजाई के लिए उन्हें पुरस्कार भी दिया । इस अवसर पर ठाकुर रजनीश सिंह, जूजर हुसैन, अखिलेश सोनी, देवेंद्र सिंह ठाकुर, श्याम सुंदर अवधिया, घनश्याम साहू, बिलाल अंसारी, वाहिद पटेल, इबरार अंसारी, अल्ताफ अंसारी, फहीम खान, अग्रवाल जी, सोनी जी, उपस्थित रहे ।

अतिथियों का सैयद शाह उर्स कमेटी के द्वारा स्वागत किया गया कुछ समय अतिथियों ने शानदार नाते कलाम सुना इस अवसर पर विधायक ठाकुर रजनीश सिंह ने उपस्थित जनो को संबोधित किया और उन्होंने पुरानी बातें याद दिलाई और कहा सभी को उर्फ के इस मुबारक मौके पर बहुत-बहुत स्वागत अभिनंदन वंदन कर बधाई शुभकामनाएं देता हूं। उर्स कमेटी के अध्यक्ष ने सभी प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष सहयोगियों शुभचिंतकों कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने वालों सहित सभी का आभार व्यक्त किया।

## फसल अवशेष न जलायें भूमि की उपजाऊ शक्ति बढ़ाए व पर्यावरण बचाएं

बालाघाट । कृषि उपसंचालक श्री राजेश कुमार खोबरागड़े ने ग्रीष्मकालीन फसलों के अवशेषों न जलाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इस तरह से भूमि की उपजाऊ शक्ति को बढ़ाया जा सकता है। श्री खोबरागड़े ने फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में भी अवगत कराया। उन्होंने बताया है की फसल अवशेष जलाने से हानिकारक गैसे निकलती हैं जो कि मनुष्यों व पशुओं के स्वास्थ्य के लिये ग भीर खतरा है। अवशेष जलाने से उठने वाले धुएं से कार्बनडाइओ साइड, कार्बन मोनोओ साईड, मीथेन, नाईट्रिक ओ साईड, आदि हानिकारक गैसे होती हैं जो वातावरण को प्रदूषित करती है। पराली में आग लगाने में भूमि की ऊपरी परत पूरी तरह जलकर कठोर हो जाती है। जिससे भूमि में वायु व जल का संचार घट जाता है। साथ ही भूमि में रहने वाले लाभदायक जीवो व अदृश्य सुक्ष्म जीवो की सं या कम हो जाती है। मित्र जीवाणुओं की सं या कम होने पर जमीन की उपजाऊ शक्ति कम हो जाती है। इसके साथ ही पशुओं के लिये चारे की उपलब्धता कम हो जाती है। धुंए की वजह से आंखों में जलन व धुंधलापन व सांस रोगियों को सांस लेने में दिक्कत का भी सामना करना पड़ता है। फसल अवशेष जलाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे वायुमंडल का तापमान बढ़ता है और फसलों की उत्पा दकता पर प्रतिकुल असर पढ़ता है।

**फसल अवशेष को जमीन में मिलाने से है फायदे**

उपसंचालक श्री खोबरागड़े ने फसल अवशेष को जमीन में मिलाने से होने वाले फायदे के भी बारे में भी बताया। उन्होंने बताया फसल अवशेष मिट्टी में मिलाने से कार्बनडाई व अन्य तत्व बड़ते है। फसल अवशेषों को लगातार 3-4 वर्ष खेतो में मिलाने से पोशक तत्वों वृध्दि होती एवं सिंचाई की बचत होती है। मृदा का पीएच मान ठीक रहता है एवं उर्वरकों की उपलब्धता व स्थिरीकरण अधिक समय तक रहता है। भूमि एवं वातावरण प्रदूषण नही फैलता है। फसल अवशेषों को जमीन में मिलाने पर उत्पादकता स्तर में वृध्दि होती है।

## सीएम राइज़ विद्यालय बालाघाट में समर कैंप का हुआ समापन




बालाघाट । सीएम राइज़ विद्यालय बालाघाट में 01 मई से 15 मई 2024 तक 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन किया गया। कै ?प के समापन अवसर पर मु य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय उपस्थित रहें। सर्वप्रथम अतिथियों ने एवं संस्था प्राचार्य ने मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर व माल्यार्पण किया। सीएम राइज़ विद्यालय के प्राचार्य डॉ युवराज राहंगडाले ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. राहंगडाले ने विद्यालय की समस्त गतिविधियों पर संक्षिप्त उल्लेख कर ग्रीष्मकालीन शिविर की विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि समर कैंप 01 मई से 15 मई तक संचालित किया गया हैं। जहां प्रतिदिन प्रातः 07ः30 बजे से 10ः30 बजे तक 250 विद्यार्थियों ने शिविर में अपनी-अपनी इच्छानुसार संचालित विधाओं में भाग लिया। जिसमें नृत्य, गायन-वादन एवं स्पोकन इंग्लिश जैसी गतिविधियां में भाग लिया। नृत्य विधा में भाग लेने वाले विद्यार्थियों ने सामूहिक नृय प्रस्तुत कर, वाद्ययंत्र विधा वाले विद्यार्थियों ने विभिन्न वाद्ययंत्रों को बजाकर तथा तनूश्री तुरकर-स्पोकन इंग्लिश में भाग लेने वाली छात्रा ने अंग्रेजी में संबोधित किया। वाद्ययंत्र एवं संगीत के कलाकार एवं वादन संग्रहालय के अध्यक्ष ज्ञानेश्वर घोडेश्वर ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी छात्रों, शिक्षकों को मोरशंख नामक छोटे से वाद्ययंत्र को बजाकर परिचित कराया। कार्यक्रम में प्राचार्य राजेंद्र कला संगीत महाविद्यालय संजय सिंह ठाकुर, वीरेंद्र सिंह गहरवार अध्यक्ष पुरातत्व विभाग बालाघाट, ज्ञानेश्वर घोडेश्वर अध्यक्ष वादन संग्रहालय बूढ़ी बालाघाट, संतोष से सेना सेनि प्राध्यापक शा. जेएसटी महाविद्यालय मु य रुप से उपस्थित रहें।

## 11 सर्विस वोटर्स के वोट डाक मत पत्र के स्ट्रांग रूम में रखे गए



बालाघाट । कले टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशानुसार अपर कले टर श्री जीएस धुर्वे एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में गुरुवार को डाक मत पत्र का स्ट्रांग रूम खोला गया। ज्ञात हो कि जिले के नियमित रूप से सर्विस वोटर्स के मत लिफाफे प्राप्त हो रहे है। प्राप्त लिफाफे आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम में रखें जा रहें है। सहायक नोडल अधिकारी पीबी श्री गजेंद्र कठाने ने बताया कि गुरुवार को 11 इटीपीबीएस प्राप्त हुए है। बालाघाट जिले में अब तक कुल 938 इटीपीबीएस पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है। जिन्हें स्ट्रांग रूम में रखा गया हैं। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री केसी ठाकुर, पोस्टल बैलेट सहायक नोडल अधिकारी श्री गजेंद्र कठाने, एजी-3 श्री विश्वेश्वर भगत, एएसआई सुरेश लिंगैय्या, एईओ श्री विकास चौधरी, तथा राजनितिक पार्टी से कांग्रेस के जयदीप सिंह गहरवार, बीएसपी से गगन सोनी, पीपीआईडी डीएल मानेश्वर, निर्दलीय हिमांशु सिंह कोहराम, पोस्टमेन श्री राकेश उइके उपस्थित रहे।

## न्यायाधीश ने वारासिवनी उपजेल का किया निरीक्षण



बालाघाट । प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल द्वारा गुरुवार को उपजेल वारासिवनी का निरीक्षण किया गया। श्री थपलियाल ने निरीक्षण के दौरान उपजेल वारासिवनी के समस्त वार्डो में निरूद्ध बंदियों से चर्चा की तथा उपजेल में शौचालय, पेयजल व्यवस्था, बंदियों की भोजन व्यवस्था व गुणवत्ता का निरीक्षण किया। साथ ही बंदियों के लिये उपलब्ध चिकित्सीय सुविधा एवं जेल में उपलब्ध दवाईयों, एवं वीडियों कान्फ्रेसिंग सुविधा के संबंध में जानकारी ली एवं उपजेल अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये। इस अवसर पर जिला न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री सुरेन्द्र सिंह गुर्जर, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेन्द्र मोहन धुर्वे एवं उपजेल अधीक्षक श्री अभय वर्मा उपस्थित रहें।

# शैक्षणिक और आवासीय संस्थाओं के निर्माण कार्यो की हुई समीक्षा



बालाघाट । कले टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा ने गुरुवार को जनजातीय कार्य विभाग अंतर्गत निर्मित, स्वीकृत और निर्माणाधीन शैक्षणिक संस्थायओं, छात्रावास और आश्रम शालाओ के कार्यो की समीक्षा की। बैठक में निर्माण एजेंसी पीआईयु की 15 संस्थाओं के निर्माण कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने समीक्षा में पाया कि वर्ष 2021-22 के कार्यो को एक वर्ष व्यतीत हो जाने के बाद भी पूर्ण करना नही हुआ। सभी 15 कार्यो का स्थल निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए निर्देशित किया गया। शासकीय उमावि दमोह, भंडेरी, मोहगांव, मजगांव के कार्यो को माह जून 2024 के पूर्व कार्य पूर्ण करने तथा सहायक आयुक्त को निरीक्षण कर भवन हस्तांतरण की कार्यवाही पूर्ण करने निर्देशित किया गया। कार्य के विलंब होने पर भुगतान से कटौती करने निर्देशित किया गया। शासकीय उ.मा.वि. मोहनपुर के लिए एप्रोच सड़क का प्रस्ताव सहायक आयुक्त को उपलब्ध कराने कहा गया। आवंटन के अनुसार कार्य समय पर पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने निर्देश दिये कि प्राचार्यो को निर्देशित करें कि विद्यालय की आवश्याकता अनुसार कार्य का प्रस्ताव उपलब्ध कराये, जिससे कि सक्षम अधिकारी से स्वीकृति उपरांत निर्माण एजेंसी से कार्य कराया जा सके ।म.प्र. पर्यटन राज्य विकास निगम के प्रतिनिधि के द्वारा 04 निर्माण कार्य में से 02 कार्य पूर्ण होना बताया गया। सामुदायिक भवन गोंगलई का कार्य पूर्ण होना बताया गया। इस भवन में बिजली की व्यवस्था नही है, जिस पर बिजली की व्यवस्था करने के निर्देश दिये गये। विकासखंड बैहर अंतर्गत सामुदायिक भवन आमगांव की सी.सी. जारी करने एवं कार्यपालन यंत्री म.प्र. पर्यटन राज्यि विकास निगम को पत्र लिखे जाने के निर्देश दिये गये । ग्राम भादुकोटा के सामुदायिक भवन एवं ग्राम मुक्की के कैफेटेरिया हेतु रीडर को भूमि आवंटन के आदेश जारी करने के लिए नस्ती प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया। नेशनल प्रोजे ट कंस्ट्रे शन कार्पोरेशन लिमिटेड भोपाल द्वारा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बैहर के बालक छात्रावास एवं 08 अतिरिक्त कक्ष का भवन निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिसके संबंध में प्राचार्य को विद्यालय की आवश्यकता के अनुसार कार्य कराने के निर्देश दिये गये। आदिवासी जुनियर बालक छात्रावास सुसवा का भवन निर्माण कार्य की समीक्षा की गई। भवन का प्लिंथ स्तर पर है। सहायक यंत्री एवं उपयंत्री को बेहतर गुणवत्ता के साथ कार्य अनुबंध अवधि के भीतर पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये ।बैठक में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट, महाप्रबंधक लोक निर्माण विभाग (पी.आई.यु.) बालाघाट, सहायक यंत्री, म.प्र. पुलिस अद्योसंरचना एवं विकास, उपयंत्री म.प्र. पर्यटन राज्य विकास निगम, क्षेत्र संयोजक जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट, सहायक यंत्री, उपयंत्री जनजातीय कार्य विभाग बालाघाट उपस्थित रहें ।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा, नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी, 9425843297